महत्वपूर्ण दिशा निर्देश

प्रेषक,

सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद
संस्कृत भवन,शाहमीना रोड, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त, प्रधानाचार्य,
संस्कृत माध्यमिक विद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक: सं0परि0/ 14673-15972/2023-24 दिनांक 02 अगस्त, 2023

विषय: संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में संशोधित पाठ्यक्रम के अनुसार पठन–पाठन, परीक्षा शुल्क आदि एवं संस्कृत प्रतिभा खोज परीक्षा के सम्बन्ध में निर्देशों का प्रेषण।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में अवगत कराना है कि उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, शाहमीना रोड, लखनऊ द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 में दिये गये मार्गदर्शक सिद्वान्तों के क्रम में शासन के निर्देशानुसार प्रथमा से उत्तर मध्यमा (कक्षा–6 से 12) स्तर तक के आधुनिक विषयों यथा – हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, गणित, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र एवं नागरिक शास्त्र विषय के पाठ्यक्रम को संशोधित/परिवर्धित किया गया है। संशोधित/परिवर्धित पाठ्यक्रम की विषयवस्तु परिषद द्वारा आपको उपलब्ध कराया जा चुका है। संशोधित पाठ्यक्रम वर्तमान शैक्षिक सत्र 2023–24 से लागू है। तदनुसार सभी विद्यालय पठन–पाठन की व्यवस्था की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

2. अनिवार्य संस्कृत एवं संस्कृत शास्त्र विषयों में पाठ्यक्रम संशोधन की प्रक्रिया गतिमान है, फलस्वरूप इन विषयों के पाठ्यक्रम का पठन–पाठन पूर्व की भॉति यथावत रखा गया है।

3. आगामी परीक्षा वर्ष 2024 में पाठ्यक्रम समिति के निर्णयानुसार पूर्व मध्यमा स्तर पर अनिवार्य संस्कृत एवं संगीत विषय में 100 पूर्णांक का खण्डवार एक प्रश्नपत्र तथा उत्तर मध्यमा स्तर पर अनिवार्य संस्कृत, संस्कृत शास्त्र एवं संगीत विषय में 100 पूर्णांक का खण्डवार एक प्रश्नपत्र निर्धारित किया गया है। इसी के आधार पर परिषद द्वारा आगामी परीक्षाओं का आयोजन किया जायेगा।

4. पाठ्यक्रम समिति के निर्णयानुसार हिन्दी के पाठ्यक्रम में निर्धारित संस्कृत के पाठ्यांश को पाठ्यक्रम से हटा दिया गया है। फलस्वरूप हिन्दी का प्रश्नपत्र 100 पूर्णांक का होगा जिसमें 50 अंक का साहित्य एवं 50 अंक का व्याकरण निर्धारित है। उत्तर मध्यमा स्तर पर सभी वर्गों के लिए हिन्दी का एक ही प्रश्नपत्र निर्धारित किया गया है, जो वर्तमान सत्र से लागू है।

5. विद्यालयों से प्राप्त विकल्प के आधार पर विद्यालयों हेतु विषयों का निर्धारण करते हुए परिपत्र निर्गत किया जा चुका है। सभी विद्यालय निर्धारित विषयों के अन्तर्गत ही छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करेंगे।

6. परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में पौरोहित्य, ज्योतिष, योग विज्ञान, वास्तु शास्त्र के डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे है। इच्छुक संस्थाऐं परिषद की आधिकारिक वेबसाइट www.upmssp.com पर जाकर डिप्लोमा पाठ्यक्रम की मान्यता हेतु आवेदन कर सकते हैं। डिप्लोमा पाठ्यक्रम की मान्यता हेतु निम्न प्रतिबन्धों की पूर्ति आवश्यक है –

''क'' डिप्लोमा पाठ्यक्रम हेतु वर्तमान कक्षा कक्षों के अलावा अतिरिक्त कक्ष।
''ख'' अर्हताधारी शिक्षकों की व्यवस्था।
''ग'' मान्यता शुल्क रू0 5000.00 प्रति डिप्लोमा पाठ्यक्रम।
''घ'' परीक्षा शुल्क रू0 600.00 प्रति छात्र प्रति सेमेस्टर।
''ङ'' डिप्लोमा पाठ्यक्रम की अवधि एक वर्ष होगी, जिसकी परीक्षाऐं 02 सेमेस्टरों में आयोजित की जायेगी।
''च'' प्रथम सेमेस्टर 01 जनवरी 2024 से प्रारम्भ होगा तथा द्वितीय सेमेस्टर 1 जुलाई 2024 से प्रारम्भ होगा।

7. पूर्व मध्यमा प्रथम की परीक्षा विद्यालय स्तर पर गृह परीक्षा के रूप में विद्यालय द्वारा आयोजित की जायेगी। विद्यार्थियो को अंकपत्र विद्यालय द्वारा ही दिया जायेगा। परीक्षा परिणाम विद्यालय स्तर पर अभिलेख के रूप में सुरक्षित रखा जायेगा। वार्षिक परीक्षा के अंक संस्कृत परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

8. परिषद द्वारा पूर्व मध्यमा द्वितीय, उत्तर मध्यमा प्रथम एवं उत्तर मध्यमा द्वितीय की परीक्षा आयोजित की जायेगी।

9. परीक्षा आवेदन पत्र में छात्र का आधार संख्या अंकित करना अनिवार्य है। इसके अभाव में आवेदन पत्र स्वतः निरस्त समझा जायेगा।

10. परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करते समय छात्र की निर्धारित माप का छायाचित्र लगाना अनिवार्य है। उसके पश्चात पृथक से छायाचित्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

11. परीक्षा शुल्क की दरे–

संस्थागत छात्रों हेतु –

| पाठ्यक्रम | पंजीकरण शुल्क | परीक्षा शुल्क |
|---|---|---|
| पूर्व मध्यमा प्रथम | रू0 50=00 प्रति छात्र | – |
| पूर्व मध्यमा द्वितीय | रू0 50=00 प्रति छात्र | रू0 350=00 प्रति छात्र |
| उत्तर मध्यमा प्रथम | रू0 50=00 प्रति छात्र | रू0 450=00 प्रति छात्र |
| उत्तर मध्यमा द्वितीय | रू0 50=00 प्रति छात्र | रू0 450=00 प्रति छात्र |

2

व्यक्तिगत छात्रों हेतु–

| पाठ्यक्रम | पंजीकरण शुल्क | परीक्षा शुल्क |
|---|---|---|
| पूर्व मध्यमा द्वितीय | रु0 50=00 प्रति छात्र | रु0 450=00 प्रति छात्र |
| उत्तर मध्यमा प्रथम | रु0 50=00 प्रति छात्र | रु0 550=00 प्रति छात्र |
| उत्तर मध्यमा द्वितीय | रु0 50=00 प्रति छात्र | रु0 550=00 प्रति छात्र |

12. शैक्षिक अभिलेखो के संशोधन हेतु शुल्क–

| परीक्षा वर्ष | निर्धारित शुल्क |
|---|---|
| 2002–2005 | रुपये 2,500=00 |
| 2006–2010 | रुपये 2,000=00 |
| 2011–2015 | रुपये 1,500=00 |
| 2016–2022 | रुपये 1,200=00 |

13. शैक्षिक अभिलेखों की द्वितीय प्रति प्राप्त करने हेतु निर्धारित प्रक्रिया–अभिलेख खो जाने अथवा नष्ट हो जाने के फलस्वरूप शैक्षिक अभिलेखों की द्वितीय प्रति प्राप्त करने हेतु एक समाचार पत्र में प्रकाशित सूचना की प्रति,प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफ0आई0आर0) संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य से अग्रसारित कराके निर्धारित शुल्क रु 500/–(पांच सौ) का बैंक ड्राफ्ट उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ के पक्ष में संलग्न करना अनिवार्य है।

14. परिषद द्वारा संस्कृत प्रतिभाखोज परीक्षा 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु आवेदन पत्र परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। इस परीक्षा का आयोजन तीन वर्गों (प्रथमा–6से8, पूर्वमध्यमा–9से 10एवं उत्तर मध्यमा–11 से 12) में आयोजित की जायेगी। सभी विद्यालय अधिक से अधिक छात्रों को इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करायेंगे। इस हेतु कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा।

- प्रश्न पत्र का स्वरूप
  - ➢ उ0प्र0 संस्कृत प्रतिमा खोज परीक्षा– 2023 हेतु प्रश्न पत्र में 100 प्रश्न बहुवैकल्पिक होंगे। प्रत्येक प्रश्न का एक अंक होगा। चयनित विकल्प का अंकन ओ0एम0आर0 शीट पर करने के लिए काले डॉट पेन का उपयोग करना होगा।
  - ➢ चयनित विकल्प का अंकन ओ0एम0आर0 (व्डत) शीट पर काला गोला बनाकर करना होगा।
- प्रश्न पत्र की विषय वस्तु (प्रत्येक वर्ग के अनुरूप पाठ्यकम पर आधारित)

| | | |
|---|---|---|
| संस्कृत | 80 अंक | वेद, साहित्य, व्याकरण, ज्योतिष, दर्शन, |
| सामान्य अध्ययन | 20 अंक | इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, अर्थशास्त्र |

कृपया उपरोक्त स्थिति से संज्ञानित होते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

2/8/2023

सचिव

उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद

संस्कृत भवन, शाहमीना रोड, लखनऊ।

पृ0सं0: सं0परि0/ 14673-15972/2023–24 तद्दिनांक।

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित अधिकारियों को सूचनार्थ एवंआवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1.महानिदेशक,स्कूल शिक्षा,उत्तर प्रदेश।

2.शिक्षा निदेशक (मा0) एवं अध्यक्ष, उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, 18–पार्क रोड, लखनऊ।

3.समस्त संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।

4. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक,उत्तर प्रदेश।

5. समस्त उप निरीक्षक संस्कृत पाठशालाएं, उत्तर प्रदेश।

सचिव

उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद

संस्कृत भवन, शाहमीनारोड, लखनऊ।